आना जी मेरे घर आना मेरे बांके बिहारी

आना जी मेरे घर आना मेरे बांके बिहारी,
बांके बिहारी मेरे रमण बिहारी......

छोटी सी कुटिया में छोटा सा परिवार है,
आना जी आना प्यारे तेरा इंतजार है,
देखो भूल ना जाना मेरे बांके बिहारी,
आना जी मेरे घर आना मेरे बांके बिहारी......

जितना दिया है तूने बहुत दिया है,
तुमने तो जीवन में रंग भर दिया है,
बहुत दिया है बहुत दिया है,
तेरा दिल से करूं शुक्राना मेरे बांके बिहारी,
आना जी मेरे घर आना मेरे बांके बिहारी.....

मेरे घर कुछ कमी नहीं है,
माखन मिश्री दूध दही है,
ओ कमी नहीं है दूध दही है,
अब ना लगाना बहाना मेरे बांके बिहारी,
आना जी मेरे घर आना मेरे बांके बिहारी......

ला दूंगी तोहै बांस की पोरी,
मंगवाई दूंगी लाला नूपुर की जोड़ी,
औ नूपुर की जोड़ी है नूपुर की जोड़ी,
और मेरे अंगना में ठुमका लगाना मेरे बांके बिहारी,
आना जी मेरे घर आना मेरे बांके बिहारी......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30329/title/aana-ji-mere-ghar-aana-mere-baanke-bihari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |